शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि०प्र०
13 AUG 2021
शिमला - 1

पत्रसंख्या–शिक्षा–उ0शि0(21)बी0(15) 15/2021–वोल0–II–
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Telephone No. 0177-2653120, Extension: 234, Fax No. 2812882
E-mail: dhe-sml-hp@gov.in & E-mail: genbr@rediffmail.com

दिनांकः शिमला–171001 13 अगस्त, 2021

प्रेषित

1 समस्त उप–शिक्षा निदेशक (उच्चतर), हिमाचल प्रदेश।
2 समस्त प्रधानाचार्य/मुख्यध्यापक, रा0 व0 मा0 पा0/रा0 उ0 पा0, हिमाचल प्रदेश।

विषयः– **हर घर पाठशाला प्रतिभा उत्सव।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में 15 अगस्त, 2021 से 19 अगस्त, 2021 तक समस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और राजकीय उच्च पाठशालाओं में राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस एवम् धार्मिक त्यौहार मुहर्रम और रक्षा बन्धन के उपलक्ष पर हर घर पाठशाला–प्रतिभा उत्सव का आयोजन करने का संकल्प लिया है व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और राजकीय उच्च पाठशालाओं में निम्नलिखित दर्शाई गई गतिविधियों व कार्यक्रमो को आयोजित करने का निर्णय लिया हैः–

1 ग्रीटिंग कार्ड, देश के राष्ट्रीय चिन्ह या राष्ट्रीय ध्वज बनाकर अपने घर पर सजा कर गोरवान्वित करें।
2 सशक्त भारत हेतु, रक्षाबन्धन के दिन की तैयारी के लिए सभी भाई और बहनें रक्षा सुत्र बनाएं और इस दिन एक दूसरे को राखी पहना कर सशक्त बनकर रक्षा करने का वचन दे।
3 स्वस्थ भारत हेतु, अपने देश की भूमि/घर और आस पास को स्वच्छ बनाकर हमेशा साफ सुथरा रखने की प्रतिज्ञा ले और इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लें।
4 स्वस्थ भारत हेतु, स्वास्थ्य वर्धक पेय, चाय या नाश्ता तैयार कर घरवालों को परोसें।
5 स्वस्थ भारत हेतु, घर पर गमलों में या अपने आस पास औषधीय या अन्य पौधे लगवाए।
6 जिम्मेवार समाज हेतु, अपने आस पास के बुजुर्गों और दिव्यागों की सहायता के लिए कोई भी गतिविधि करें।

अतः आपको निर्देश दिए जाते है कि उपरोक्त तिथियों पर हर घर पाठशाला के अन्तर्गत हर घर पाठशाला प्रतिभा उत्सव का आनलाईन आयोजन करवाएं व बच्चों को उपरोक्त या स्व विवेक से कोई गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। और उनकी वीडिओ रिकार्डिग इस निदेशालय को भेजे। समावेशीशिक्षा हेतु दिव्यांग बच्चों से भी इनके सामर्थ्य के अनुसार गतिविधि करवाएं। सरकार द्वारा समय–समय पर कोरोना वायरस (कोविड–19) पर दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

(अमरजीत कुमार शर्मा)
शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

पृष्ठाकंन संख्या सम दिनांकः शिमला–171001 13 अगस्त, 2021

प्रतिलिपिः–

1 राज्य परियोजना अधिकारी (आई0एस0एस0ई0), डी0पी0ई0पी0 भवन, हिमाचल प्रदेश, शिमला–1।
2 तकनीकी अधिकारी, शिक्षा निदेशालय उच्चतर को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
3 रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1